प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 344 | शनिवार 06 दिसम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 | मूल्य 1.00 रुपया

## ओडीओपी 2.0 लांच करेगी योगी सरकार

### मुख्यमंत्री बोले- ब्रांड यूपी की पहचान बनने के बाद ये समय की जरूरत

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ओडीओपी योजना को और विस्तार देना समय की मांग है। इसके लिए बेहतर प्रशिक्षण और ऋण सुविधा का विस्तार किया जाना आवश्यक है।**



लखनऊ 05दिसम्बर (एजेंसी) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ब्रांड उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी श्एक जनपद– एक उत्पाद योजनाश अब अपने अगले चरण ओडीओपी 2.0 टू के माध्यम से स्थानीय उद्योग, स्वरोजगार और निर्यात को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक बाजार, आधुनिक मांग, तकनीकी उन्नयन, गुणवत्ता और पैकेजिंग की नई आवश्यकताओं को देखते हुए ओडीओपी को अब और अधिक व्यापक, व्यावसायिक और परिणामोन्मुखी स्वरूप मेंआगे बढ़ाने की जरूरत है। ओडीओपी 2.0 के माध्यम से सरकार का लक्ष्य होगा कि प्रदेश के पारंपरिक उत्पाद बड़े बाजार, निर्यात और स्थायी रोजगार का मजबूत आधार बनें। शुक्रवार को इस संबंध में हुई महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जनपद की विशिष्ट खाद्य परंपरा को भी एक संगठित पहचान देने की दिशा में श्एक जनपद–एक व्यंजनश (ओडीओसी) की अवधारणा को साकार करने की भी जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि श्एक जनपद–एक व्यंजनश योजना उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक आत्मा से जुड़ी हुई है। प्रदेश के हर क्षेत्र में खान–पान की कुछ न कुछ विशिष्ट परंपरा है। कहीं हलवा अच्छा है तो कहीं दालमोठ। उन्होंने कहा कि हर जिले के विशेष व्यंजनों की मैपिंग कर उनकी गुणवत्ता, स्वच्छता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन को सुदृढ़ किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्ओडीओपीश और श्ओडीओसीश मिलकर उत्तर प्रदेश को श्लोकल से ग्लोबलश की दिशा में नई गति देंगे।बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018 में प्रारंभ ओडीओपी योजना आज उत्तर प्रदेश के निर्यात और स्थानीय उद्योगों की रीढ़ बन चुकी है। अब तक 1.25 लाख से अधिक टूलकिट वितरित किए जा चुके हैं 06 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरण हो चुका है और 08 हजार से अधिक उद्यमियों को प्रत्यक्ष विपणन सहायता दी गई है। प्रदेश में तीस साझा सुविधा केंद्र स्वीकृत किए गए हैं और 44 ओडीओपी उत्पादों को अब तक जियो टैग प्राप्त हो चुके हैं। ओडीओपी उत्पाद आज प्रतिष्ठित ई–कॉमर्स प्लेटफार्म पर उपलब्ध हैं और राज्य के कुल निर्यात मेंइनका योगदान पचास प्रतिशत से अधिक है। ओडीओपी को लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है।मुख्यमंत्री ने ओडीओपी 2.0 को लेकर कहा कि यह अब केवल एक योजना नहीं, बल्कि स्थायी रोजगार, स्थानीय उद्यम और निर्यात को नई ऊंचाई देने का सशक्त माध्यम बने। उन्होंने कहा कि अब उन इकाइयों और उद्यमियों को आगे बढ़ाने पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, जिन्होंने पहले चरण में उत्कृष्ट कार्य किया है, ताकि वे अपने व्यवसाय का और विस्तार कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं को इस तरह आगे बढ़ाया जाए कि तकनीक, पैकेजिंग, गुणवत्ता और बाजार सहित चारों मोर्चों पर उत्तर प्रदेश के उत्पाद सशक्त रूप में स्थापित हों।बैठक में यह भी बताया गया कि ओडीओपी से जुड़े कॉमन फैसिलिटी सेंटरों को अब और अधिक उपयोगी बनाया जाएगा।

## यूक्रेन संकट पर रूसी राष्ट्रपति से बोले प्रधानमंत्री मोदी- भारत तटस्थ नहीं है बल्कि शांति के पक्ष में



नयी दिल्ली 05दिसम्बर (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के नवीनतम प्रयासों का शुक्रवार को पुरजोर समर्थन किया और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यह संदेश दिया कि भारत इस संघर्ष का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने के लिए सभी शांति प्रयासों में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। यूक्रेन मुद्दा दोनों नेताओं के वार्षिक शिखर वार्ता में केंद्रीय रूप से उभरा है। इस शिखर वार्ता का उद्देश्य लगभग आठ दशक से जारी द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत बनाना है जो जटिल भू–राजनीतिक माहौल और तनावों के बावजूद स्थिर बनी रही है। मोदी ने शिखर वार्ता के दौरान अपने संबोधन की शुरुआत में कहा कि भारत यूक्रेन संघर्ष को लेकर तटस्थ नहीं है बल्कि इसे करने के लिए शांति का पक्षधर है। पीएम मोदी ने कहा, "यूक्रेन संघर्ष के शुरू होने के बाद से हम चर्चा करते रहे हैं। एक करीबी मित्र के रूप में आप हमें स्थिति के बारे में नियमित रूप से सूचित करते आए हैं। मुझे लगता है कि विश्वास एक बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा, "हम सभी को शांति का मार्ग तलाशना चाहिए। मैं नवीनतम प्रयासों से अवगत हूंऔर मुझे विश्वास है कि दुनिया शांति की ओर रुख करेगी।" उन्होंने कहा, "मैंने हमेशा कहा है कि भारत तटस्थ नहीं हैय भारत का एक पक्ष है और वह है शांति। हम सभी शांति प्रयासों का समर्थन करते हैंऔर इन कोशिशों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। रूसी राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि मॉस्को संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में काम कर रहा है। पुतिन का बृहस्पतिवार शाम को लाल कालीन पर स्वागत किया गया, यह चार साल बाद उनकी पहली भारत यात्रा है। फरवरी 2022 में यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद भी यह उनका पहला भारत दौरा है।

## राहुल गांधी ने साधा भाजपा पर निशाना, कहा-इंडिगो की विफलता सरकार के एकाधिकार माडल की कीमत

नयी दिल्ली 05दिसम्बर (एजेंसी) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश के विभिन्न हिस्सों से उड़ानों के रद्द होने तथा देरी के कारण हवाई यात्रियों की परेशानी और इंडिगो एयरलाइंस की विफलता को सरकार की एकाधिकार नीति का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि इस संकट के बुनियाद सरकार की एकाधिकार की नीति में है और सरकार की इस नीति को अपनाने ने के कारण ही इंडिगो के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा ष्इंडिगो की विफलता मोदी सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है।

## केंद्र सरकार ने वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए 3 महीने की राहत देने का किया फैसला



नयी दिल्ली 05दिसम्बर (एजेंसी) उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर करने की छह महीने की अवधि शुक्रवार को समाप्त हो रही है, लेकिन लाखों संपत्तियां अब भी रजिस्ट्रेशन से बाहर हैं। ऐसे में उन्हें राहत देते हुए केंद्र सरकार ने वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए 3 महीने की राहत देने का निर्णय लिया है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, ष्आज वक्फ संपत्ति रजिस्ट्रेशन का आखिरी दिन है। पूरे देश मेंअब भी लाखों संपत्तियां पोर्टल पर दर्ज नहीं हो पाई हैं। कई सांसद, सामाजिक नेता और वक्फ से जुड़े प्रतिनिधि मुझसे मिले और समय बढ़ाने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण हम इस समय सीमा को सीधे बढ़ा नहीं सकते, लेकिन जिन लोगों ने कोशिश की और किसी कारण रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया, उनके खिलाफ तीन महीने तक कोई कठोर कार्रवाई नहीं होगी। न कोई पेनल्टी लगेगी, न कोई जुर्माना।उन्होंने बताया कि अब तक 151,000 से अधिक वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, जिसमें कर्नाटक (50,800), पंजाब, जम्मू–कश्मीर और कई अन्य राज्यों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं कुछ बड़े राज्यों में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया धीमी रही। रिजिजू ने स्वीकार किया कि कई क्षेत्रों से शिकायतें मिलीं कि श्उम्मीदश पोर्टल धीमा चल रहा था या लोगों के पास आवश्यक दस्तावेज पूरे नहीं थे। उन्होंने कहा, ष्हम चाहते हैं कि कोई भी व्यक्ति बिना परेशान हुए अपनी वक्फ संपत्ति रजिस्टर करा सके। इसलिए तीन महीने तक हम किसी पर कोई सख्ती नहीं करेंगे।मंत्री ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट ने छह महीने की समयसीमा तय की थी और केंद्र सरकार इसे सीधे बढ़ा नहीं सकती। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा था कि 6 महीने की समयसीमा के बाद सरकार तारीख नहीं बढ़ा सकती, लेकिन ट्रिब्युनल के पास अधिकार है कि वह आपकी स्थिति समझकर 6 महीने तक की अतिरिक्त राहत दे सकता है। इसलिए जिनको परेशानी हो, वे वक्फ ट्रिब्युनल से संपर्क करें। किरेन रिजिजू ने कहा कि केंद्र सरकार हमेशा लोगों की मदद करने के लिए तैयार है, लेकिन वक्फ संशोधन कानून संसद ने पास किया है, इसलिए उसमें बदलाव केंद्र स्वयं नहीं कर सकता।

## आप सांसद राघव चड्ढा ने गिग वर्कर्स की सुरक्षा का उठाया मुद्दा, 10 मिनट डिलीवरी माडल को तुरंत खत्म करने की मांग की



नयी दिल्लीनयी दिल्ली 05दिसम्बर (एजेंसी) राज्यसभा में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने शून्यकाल के दौरान गिग वर्कर्स की सुरक्षा और उनकी बदतर हालत का मुद्दा उठाया। चड्ढा ने सरकार से मांग की कि डिलीवरी बॉयज और अन्य गिग वर्कर्स की सुरक्षा के लिए तुरंत कदम उठाए जाएं और कंपनियों द्वारा थोपे जा रहे 10 मिनट डिलीवरी मॉडल को तुरंत खत्म किया जाए।उन्होंने कहा कि जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट और जेप्टो जैसे प्लेटफॉर्म्स के डिलीवरी पार्टनर्स और अर्बन कंपनी के सर्विस प्रोवाइडर्स वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था के अदृश्य पहिए हैं, लेकिन इन्हीं कंपनी मालिकों की अरबों डॉलर की वैल्यूएशन इन मेहनतकश लोगों की टूटी हुई कमर और जोखिम भरी जिंदगी पर खड़ी है।राघव चड्ढा ने कहा, ष्जब भी हम फोन पर बटन दबाते हैं और हमारे पास मैसेज आता है–श्आपका ऑर्डर रास्ते में है,श श्आपकी राइड आ गई हैश तो उसके पीछे कोई इंसान होता है जो समय से पहले पहुंचने के लिए रेड सिग्नल जंप करता है। तेज रफ्तार में बाइक चलाता है। सिर्फ एक मिनट की देरी होने पर उसकी रेटिंग गिरती है, इंसेंटिव कट जाता है या कई बार उसकी आईडी तक ब्लॉक कर दी जाती है।चड्ढा ने सदन में तीन प्रमुख समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया। 10 मिनट डिलीवरी मॉडल के कारण राइडर्स रोज अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रैफिक नियम तोड़ते हैं ताकि उन्हें खराब रेटिंग और ग्राहक की शिकायतों से बचाया जा सके। वर्कर्स 12–14 घंटे तक भीषण गर्मी, ठंड, प्रदूषण और बारिश में बिना किसी सुरक्षा उपकरण के काम करते हैं। सोशल सिक्योरिटी जैसे न स्थायी नौकरी, न ढंग का बीमा, न मेडिकल सुरक्षा, न ही भविष्य की कोई गारंटी, यह सब मिलकर इन्हें असुरक्षित और मजबूर बनाता है।





विशेष श्रद्धांजलि सभा

प्रेरक उपस्थिति

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

केशव प्रसाद मौर्य — उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | ब्रजेश पाठक — उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

स्वतंत्र देव सिंह — मंत्री, जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण, उत्तर प्रदेश | जयवीर सिंह — मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति, उत्तर प्रदेश | असीम अरुण — राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, उत्तर प्रदेश

सुषमा खर्कवाल — महापौर, लखनऊ | डॉ. लालजी प्रसाद 'निर्मल' — सदस्य, विधान परिषद

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 6 दिसंबर, 2025 | समय : प्रातः 9:30 बजे | स्थान : भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा कार्यालय परिसर, हजरतगंज, लखनऊ

बाबा साहेब के विचारों के प्रति संकल्पित सरकार

✦ जीरो पॉवर्टी योजना का नाम बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर रखा गया ✦ लखनऊ में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण (बाबासाहेब की 25 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना, पुस्तकालय, शोध केंद्र, अत्याधुनिक प्रेक्षागृह एवं संग्रहालय) ✦ श्रमिकों एवं वंचितों के बच्चों की उत्तम शिक्षा हेतु सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन ✦ डॉ. भीमराव आंबेडकर छात्रावास योजना (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्रों को शिक्षा में सहायता के लिए छात्रावासों का पुनर्निर्माण और नवनिर्माण) ✦ प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की तस्वीर लगाना अनिवार्य ✦ कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नामकरण पुनः डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय

विशेष आकर्षण

- बौद्ध भिक्षुओं द्वारा अस्थिकलश कक्ष में बुद्ध वन्दना एवं त्रिशरण पंचशील का पाठ
- बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के अस्थिकलश पर पुष्पांजलि

▶ लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS | सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP

# सम्पादकीय

## नीतीश सरकार में भाजपा का विधानसभा अध्यक्ष

बिहार में नई सरकार के गठन के बाद 18वीं विधानसभा का पहला सत्र बीते दिनों शुरू हुआ। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि इस दौरान विधानसभा के नए अध्यक्ष का चुनाव हुआ। और भाजपा विधायक प्रेम कुमार निर्विरोध स्पीकर चुने गए। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उनके नाम का प्रस्ताव किया और विजय चौधरी ने इसका अनुमोदन किया। स्पीकर के चयन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव प्रेम कुमार को आसान तक ले गए। इस दौरान भाजपा विधायकों ने जय श्रीराम और हर हर महादेव के नारे लगाए। वहीं राजद विधायक अनीता देवी ने जय भीम, जय आंबेडकर के नारे लगाए। स्पीकर प्रेम कुमार के स्वागत में बोलते हुए संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने अपने स्पीकर चुने जाने का किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा कि मैं 2015 में निर्विरोध स्पीकर चुना गया था। मुझे भी दो दिसंबर को अध्यक्ष चुना गया था। आप बतौर नेता विपक्ष मुझे मुख्यमंत्री जी के साथ आसन तक लेकर गए थे और आज मुझे आपके नाम के प्रस्ताव के अनुमोदन का मौका मिला है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें बधाई दी। जहां तक बिहार विधानसभा के नवनियुक्त अध्यक्ष का सवाल है तो डॉ. प्रेम कुमार बिहार भाजपा के उन चंद नेताओं में से हैं जिनका राजनीतिक सफर पूरी तरह संगठन की मिट्टी से शुरू होकर सत्ता की ऊँचाइयों तक पहुंचा है। उनका जन्म गया ज़िले में हुआ था। वे पेशे से एक .षि विज्ञानी हैं और छात्र राजनीति से ही भाजपा से जुड़े रहे। 1980 के दशक में उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से राजनीति की शुरुआत की, फिर धीरे–धीरे भाजपा के संगठन में सक्रिय हुए। वे लगातार आठ बार विधायक चुने गए हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। पहली बार वे 1990 में गया टाउन सीट से विधायक बने थे, और तब से लेकर आज तक उन्होंने वह सीट कभी नहीं गंवाई। यह निरंतर जनसमर्थन उनके लोकप्रिय और सुलझे हुए नेता होने का सबूत है। प्रेम कुमार भाजपा के उन नेताओं में से हैं जो सत्ता में रहते हुए भी विवादों से दूर रहे हैं। वे कई बार राज्य सरकार में मंत्री रह चुके हैं, .षि, सहकारिता, नगर विकास, और पर्यटन जैसे विभाग उनके पास रहे। नीतीश कुमार के साथ उनका रिश्ता शुरू से ही सहयोग और संतुलन का रहा है। जब 2005 में नीतीश पहली बार मुख्यमंत्री बने, तो प्रेम कुमार उनकी सरकार के सबसे भरोसेमंद मंत्रियों में शामिल हुए। 2017 में जेडीयू के दोबारा एनडीए में लौटने के बाद भी वे भाजपा के वरिष्ठ चेहरे के रूप में उभरे। विधानसभा अध्यक्ष का पद केवल औपचारिक नहीं होता, बल्कि यह राजनीतिक संतुलन और अनुशासन का केंद्र होता है। इस पद पर बैठे व्यक्ति की भूमिका विधानसभा में सरकार और विपक्ष, दोनों के बीच संवाद बनाए रखने की होती है। भाजपा ने प्रेम कुमार को यह पद देकर कुछ ख़ास संदेश दिए हैं। पार्टी ने यह स्पष्ट किया है कि सत्ता में अब अनुभव और सादगी को वरीयता दी जाएगी। जेडीयू को मुख्यमंत्री पद मिलने के बाद भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष का पद अपने खाते में रखकर सत्ता संतुलन का समीकरण साधा है। भाजपा ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि वह सरकार में अपनी हिस्सेदारी के साथ–साथ संवैधानिक संस्थानों में भी अपनी उपस्थिति मजबूत रखना चाहती है। डॉ. प्रेम कुमार के सामने चुनौती होगी कि वे एक ऐसे सदन का संचालन करें जहाँ विपक्ष आक्रामक है और सरकार गठबंधन की सीमाओं में बंधी हुई है और निश्चित रूप से, ये ज़िम्मेवारी डॉ. प्रेम कुमार ही होगी।



नफीस जाफरी

## प्रत्येक महिला को सशक्तबनाना

जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो राष्ट्र का उत्थान होता है समानता और न्याय के मूल्यों पर आधारित समाज में, महिला की गरिमा से कतई समझौता नहीं होना चाहिए। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हमारे समग्र कार्यक्रम– मिशन शक्ति– के जरिए इसे संस्थागत ढांचे में बदलकर इस विश्वास को फिर से मजबूत किया है। जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही कहा है, हमारी सरकार महिलाओं के लिए ञसम्मानञ और ञसुविधाञ को सबसे ज्यादा महत्व देती है।ञञ ये मार्गदर्शक शब्द केवल भावनाएँ मात्र नहीं, अपितु वह नींव हैं, जिस पर मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मिशन शक्ति के तहत भारत के कोने–कोने में मजबूत संस्थागत तंत्र स्थापित किए हैं।


इस प्रयास के केंद्र में मिशन शक्ति की संबलञ उप–योजना के तहत चलने वाले वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) हैं। 2015 में शुरू हुए ये केंद्र हिंसा की शिकार महिलाओं को एकीकृत सहायता तंत्र प्रदान करते हैं, ताकि उन्हें खामोश रहकर पीड़ा न सहनी पड़े और न ही बिखरी हुई सहायता प्रणालियों के बीच भटकना पड़े। आज तक, पूरे भारत में 862 ओएससी चल रहे हैं, जिनसे 12.20 लाख से ज़्यादा महिलाओं को एक ही छत के नीचे कानूनी मदद, चिकित्सा सहायता, पुलिस की मदद, आश्रय और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसी एकीकृत मदद मिली है।

डर से आजादी तक, खामोशी से सहायता तक – ओएससी ऐसे स्थान हैं जहाँ से घाव भरने की शुरूआत होती है। ये केंद्र प्रतिक्रियात्मक शासन से आगे बढ़कर सक्रिय शासन का रुख करते हैं। चाहे किसी महिला को अपने घर, कार्यस्थल या सार्वजनिक स्थान पर हिंसा का सामना करना पड़े, ओएससी उसके पुनर्वास, गरिमा और न्याय दिलाने में मदद करने के मोदी सरकार के संकल्प का प्रमाण हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये केंद्र अस्पतालों के भीतर या उनके पास स्थापित किए गए हैं, ताकि तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके – जो मुश्किल समय में पहला जरूरी कदम है। महिला हेल्पलाइन (181) का सार्वभौमीकरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जो संकट से घिरी महिलाओं के लिए 24–7 मदद सुनिश्चित करके ओएससी का पूरक बनता है। 35 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में संचालित यह हेल्पलाइन अब तक 2.56 करोड़ से अधिक कॉल संभाल चुकी है और 93.48 लाख से अधिक महिलाओं की मदद कर चुकी है (30 सितंबर तक)। आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ईआरएसएस–112) से एकीकृत यह हेल्पलाइन संकट और राहत के बीच की दूरी को पाटती है।

व्यवस्थागत जवाबदेही को मजबूत करने और तेजी से न्याय पहुंचाने के लिए, हमने 745 फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय स्थापित किए हैं, जिनमें से 404 विशेष पॉक्सो न्यायालय हैं। इन न्यायालयों ने यह सुनिश्चित करते हुए कि न्याय में देरी का मतलब न्याय से इनकार नहीं है, अब तक 3.06 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है। सुनाया गया प्रत्येक फैसला, बहाल किया गया प्रत्येक अधिकार न्यायपूर्ण और लैंगिक समानता वाले भारत की ओर उठाया गया एक कदम है। न्याय मिलना अब प्रक्रियात्मक देरी के कारण बाधित नहीं होता, और प्रत्येक सर्वाइवर समय पर राहत की उम्मीद कर सकता है।

इसके साथ ही, हम पुलिस स्टेशनों पर 14,658 महिला हेल्प डेस्क (डब्ल्यूएचडी) के साथ जमीनी स्तर को मजबूत कर रहे हैं, जिनमें से 13,700 से ज़्यादा की कमान महिलाएँ संभाल रही हैं। ये डेस्क सर्वाइवर्स में अपराधों की रिपोर्ट करने का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, जिन्हें महिलाओं से संबंधित मुद्दों के प्रति संवेदनशील प्रशिक्षित कार्मिकों की सहायता मिलती है। महिला अधिकारियों की मौजूदगी न केवल आत्मविश्वास बढ़ाती है, बल्कि संस्थागत संवेदनशीलता और जवाबदेही को भी मजबूत करती है। हम 807 एंटी–ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स (एएचटीयू) के जरिए मानव तस्करी से भी निपट रहे हैं।

# भाई इमरान के लिए सड़कों पर उतरनी उनकी बहनें



गुलफिशा खान

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर बीते कई दिनों से कई तरह की अफवाहें चल रही थीं लेकिन अब ये सभी चर्चाएं और अफवाहें कोरी साबित हुई हैं। इमरान खान पाकिस्तान की जेल में सुरक्षित हैं। बीते मंगलवार को पाकिस्तान की जेल में इमरान खान से मुलाकात कर बाहर आई उनकी बहन उज्मा खानम ने बताया कि इमरान खान की तबीयत ठीक है। लेकिन वो बहुत गुस्से में हैं। इमरान और उनकी बहन उज्मा की यह मुलाकात करीब 20 मिनट की हुई। जिसके बारे में जेल से बाहर आने के बाद उज्मा ने मीडिया को बताया। उज्मा से इमरान खान ने यह भी बताया कि जेल में उन्हें मेंटली टॉर्चर किया जा रहा है। मालूम हो कि इमरान खान इस समय रावलपिंडी की जेल में बंद है। बीते कई दिनों ने उनकी सेहत को लेकर कई तरह की बातें चल रही थी। जबकि इससे पूर्व इमरान खान के परिवार और उनकी पार्टी के नेताओं का कहना था कि पाकिस्तान की सरकार इमरान खान से मिलने नहीं दे रही है। बहरहाल, इमरान खान को लेकर उनकी बहनों की अगुआई में जारी आंदोलन के आगे पाकिस्तान सरकार ने आखिरकार घुटने टेक दिए हैं। जैसा कि उल्लेखनीय है कि इमरान खान की बहन उज्मा खान को अदियाला जेल में उनसे मिलने की इजाजत दे दी गई है। इस आलेख में आइए जानते हैं कि उज्मा खान कौन हैं क्या करती हैं और उनके पति का पाकिस्तानी यरफोर्स से क्या संबंध है।

विदित हो कि पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान की 4 बहनें हैं। इमरान की सबसे बड़ी बहन रूबीना और सबसे छोटी बहन नौरीन हैं। उजमा खान नियाजी के बारे में बताएं तो वह डॉक्टर हैं और लाहौर में ही रहती हैं। उजमा पेशे से सर्जन हैं और उनके पति मजीद खान मौलवी हैं। दोनों इमरान के बड़े सपोर्टर हैं और पार्टी के हर इवेंट में नजर आते हैं। मजीद खान पाकिस्तान एयरफोर्स से विंग कमांडर बनकर रिटायर हुए हैं। वह अमेरिकी ‰–16 फाइटर जेट को उड़ाने वाले पाकिस्तानी पायलट्स के पहले बैच का हिस्सा रहे हैं। मजीद ने एक इंटरव्यू में कहा था कि पाकिस्तान की अथॉरिटीज जो बर्ताव इमरान के साथ कर रही हैं, वैसा कभी दुश्मन के साथ न हो। पाकिस्तान की कोर्ट में डॉक्टर उजमा और मजीद खान भी करोड़ों की जमीन खरीद घोटाले में आरोपी रह चुके हैं। अब इमरान खान की तीन अन्य बहनों के बारे में भी जान लीजिए। जानकारी के मुताबिक, इमरान की बहन रूबीना खान का जन्म सितंबर 1950 में लाहौर में हुआ। वह प्रतिष्ठित लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की स्टूडेंट रही और संयुक्त राष्ट्र में भी एक सीनियर पोस्ट पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। उन्होंने कभी शादी नहीं की और उनका जीवन अमेरिका में नौकरी करते हुए बीता है। रूबीन का बेहद शांत और समझदार शख्सियत के तौर पर देखा जाता है और खानदान में उन्हें सोच–समझकर बात करने वाली महिला के तौर पर देखा जाता है। रूबीना सियासत से दूर ही रहती हैं। अब बात इमरान खान की तीसरी बहन अलीमा खान की। पाकिस्तान के यू–ट्यूब चैनल–13 के अनुसार अलीमा का जन्म 1960 में लाहौर में हुआ। अलीमा की शुरुआती पढ़ाई लाहौर में ही हुई है। अलीमा खान ने फैशन डिजाइनिंग और टेक्सटाइल में पढ़ाई की है। उन्होंने साल 1989 में लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज से एमबीए की डिग्री हासिल की। वह लाहौर के मशहूर टेक्स्टाइल बाईंग स्टोर कॉटकॉम सोर्सिंग (प्राइवेट) लिमिटेड की फाउंडर हैं। आज उनका नाम पाकिस्तान के कुछ जाने–माने टेक्सटाइल एक्सपोर्ट्स में शुमार है। उनकी कंपनी कई देशों में गारमेंट एक्सपोर्ट करती है। अलीमा खान को महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए आवाज उठाने वाली और एक खुले विचारों वाली महिला के तौर पर जाना जाता है। वह शौकत खान कैंसर हॉस्पिटल के लिए फंड रेजिंग का काम करती आई हैं। पाकिस्तान के राजनीतिक विशेषज्ञ इमरान की सफलता के पीछे अलीमा का बड़ा योगदान मानते हैं। अलीमा खान की शादी उनके ननिहाल में हुई और उनके पति सुहेल अमीर खान बर्की पाकिस्तान एयरफोर्स में थे। इमरान खान की सबसे छोटी बहन नौरीन हैं जो पाकिस्तान में रानी खान के नाम से चर्चिता हैं। रानी की शादी चाचा के बेटे हफीजुल्ला खान नियाजी से हुई है। शादी के बाद वह कुछ दिन अमेरिका में रहीं और फिर जेद्दा में सैटल हो गईं। हफीजुल्ला भी पेशे से एक इंजीनियर हैं। हफीज नियाजी, इमरान की उम्र के ही हैं और पीटीआई के संस्थापक सदस्यों में रहे हैं। हालांकि बाद में इमरान के साथ उनके राजनीतिक मतभेद हो गए। 2002 में जब आम चुनाव हुए तो मियांवली में विधायकी के चुनाव हुए और हफीज नियाजी, इमरान के उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़े और हार गए। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार हफीज अपने बेटे और पत्नी के साथ नहीं बल्कि एक अलग घर में रहते हैं।



# डीके शिवकुमार को कांग्रेस का "संकटमोचन" यूं ही नहीं कहा जाता



फरीद वारसी

कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप–मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच चल रही कुर्सी की जंग ब्रेकफास्ट डिप्लोमेसी के जरिए सुलझाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। कुछ दिन पहले ही सीएम सिद्धारमैया ने डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को अपने घर ब्रेकफास्ट पर बुलाया था। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप–मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की यह ब्रेकफास्ट डिप्लोमेसी सुलह नहीं बल्कि एक मजबूरी का ठहराव है। जो तस्वीरें आईं उनमें इडली–सांभर की महक, जबरन मुस्कान और साथ बैठे कर्नाटक के दो दिग्गज नेता– क्या यह सिर्फ दिखावटी सुकून था या वाकई दोनों नेताओं के बीच सुलह हो गई है क्योंकि राज्य में कांग्रेस पार्टी अपने सबसे बड़े आंतरिक संघर्ष से जूझ रही है। तो वहीं दूसरी ओर कुछ ही समय के बाद डीके शिवकुमार ने भी अपने एक्स हैंडल पर दोनों नेताओं के बीच ब्रेकफास्ट पर हुई मुलाकात की तस्वीर साझा की और लिखे, हम कांग्रेस के अच्छे शासन के विजन के तहत अपने राज्य के लगातार विकास के प्रति अपने कमिटमेंट को दोहराते हैं।

हालांकि सूत्रों के मुताबिक दोनों को 8 दिसंबर को आलाकमान से मिलने के लिए दिल्ली बुलाया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि प्लान यह है कि सदन के इस सत्र की समाप्ति के बाद दोनों नेता बेलगावी स्थित विधानसभा से लाइट से दिल्ली रवाना होंगे। सूत्रों ने बताया कि, वैसे तो दोनों के साथ राज्य कांग्रेस के सांसद भी होंगे जो दिल्ली में किसानों की समस्याओं और राज्य के पानी के संसाधनों पर चर्चा करेंगे। लेकिन बैक चैनल से मुख्यमंत्री और उप–मुख्यमंत्री के बीच चल रही खींचतान पर भी बातचीत होने के आसार हैं। दरअसल दो साल पहले जब 2023 में कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी तब यह भी खबर आई थी कि सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच ढाई साल के रोटेशन (पावर–शेयरिंग) का एक अनौपचारिक समझौता हुआ है। अब पिछले महीने की 20 तारीख (20 नवंबर) को सिद्धारमैया सरकार ने ढाई साल पूरे कर लिए तो यह चर्चा चल पड़ी कि क्या अब सत्ता शिवकुमार को सौंप दी जाएगी। (कई विधायकों समेत) शिवकुमार के समर्थक यह मांग उठा रहे हैं कि मुख्यमंत्री की कुर्सी उन्हें सौंप दी जाए। पर सिद्धारमैया इस दावे से असहमति जताते रहे हैं। अप्रत्यक्ष रूप से वो अपने कार्यकाल के किए गए कार्यों का हवाला देते हुए संकेत देते हैं कि कोई पक्का रोटेशन एग्रीमेंट नहीं था और उन्हें 5–साल का पूरा कार्यकाल दिया गया था। कुर्सी की इसी जंग को लेकर पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस में मतभेद और टूटे भरोसे की बातें तेज हो गई हैं। फिर शुरू हुआ दोनों नेताओं के बयानबाजी और कांग्रेस हाईकमान की ओर से सुलह कराने का सिलसिला।



जहां तक कर्नाटक और कांग्रेस की राजनीति में डीके के नाम से मशहूर डीके शिवकुमार का सवाल है तो डीके शिवकुमार को देश के सबसे अमीर नेताओं में गिना जाता है। उन्हें कांग्रेस का संकटमोचक भी कहा जाता है। इस आलेख में एक नजर डालते हैं डीके के राजनीतिक सफर परः–

तो गौरतलब है कि डीके शिवकुमार कर्नाटक की वर्तमान कांग्रेस सरकार में उप मुख्यमंत्री और जल संसाधन, शहरी विकास जैसे अहम मंत्रालय संभाल रहे हैं। वो 2020 से कर्नाटक कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं। उनकी पदयात्रा और राज्य भर रैलियों को 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रचंड जीत में अहम योगदान रहा था। एडीआर रिपोर्ट के अनुसार, कर्नाटक की कनकपुर सीट से विधायक डीके शिवकुमार की संपत्ति 1413 करोड़ रुपये के करीब है। वो देश के दूसरे सबसे अमीर विधायक हैं। जबकि महाराष्ट्र में भाजपा एमएलए पराग शाह की संपत्ति 3400 करोड़ रुपये के लगभग है। 2023 के हलफनामे के अनुसार, शिव कुमार के पास 100 करोड़ की .षि और गैर .षि जमीन है। जबकि रिसॉर्ट, फॉर्महाउस और कॉमर्शियल बिल्डिंग मिलाकर 942 करोड़ की एसेट हैं। उनके बंगले की कीमत भी 84 करोड़ रुपये है। जबकि सिद्धारमैया की संपत्ति सिर्फ 52 करोड़ ही है। डीके शिवकुमार का जन्म बेंगलुरु मेंएक संपन्न वोक्कालिगा परिवार में 15 मई 1962 को हुआ था.उनके छोटे भाई डीके सुरेश भी नेता हैं। डीके की दो बेटियां ऐश्वर्या और आभराना हैं और एक बेटा आकाश है। शिवकुमार 18 साल की उम्र में 1980 में छात्र नेता के तौर पर अपनी छाप चोड़ी और 1989 में 27 साल की उम्र में मैसुरु जिले की साथन विधानसभा से कांग्रेस से चुनाव जीतकर सबके चौंका दिया। वो लगातार आठ बार विधानसभा जीत चुके है। शिवकुमार रियल एस्टेट, ग्रेनाइट और एजुकेशन सेक्टर में कारोबार करते हैं। ये उनकी अपनी सियासी हैसियत थी कि कांग्रेस से टिकट न मिलने पर देवेगौड़ा के खिलाफ लड़े और उन्हें हराया। उनके बेटे कुमारस्वामी को भी चुनाव में हराया। जबकि जेडीएस वोक्कालिग समुदाय में काफी जनाधार रखती है। राजनीति में एंट्री के वक्त वो 12वीं पास थी, लेकिन फिर पॉलिटिकल साइंस से एमए किया। वो संस्.त में भी काफी निपुण हैं। महाराष्ट्र में जब 2002 में तत्कालीन सीएम विलासराव देशमुख की सरकार अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रही थी तो कांग्रेस के विधायकों को बेंगलुरु में शिवकुमार के फॉर्महाउस में एक हटे ठहराया गया। इस तरह कांग्रेस विधायक एकजुट रहे और सरकार बच गई।गुजरात में 2017 के राज्यसभा चुनाव के दौरान पार्टी विधायकों को एकजुट रखने की जिम्मेदारी निभाई। गुजरात कांग्रेस के 42 विधायक बेंगलुरु रिसॉर्ट में आकर ठहरे और अहमद पटेल राज्यसभा चुनाव जीत पाए। कांग्रेस में डीके शिवकुमार को राहुल गांधी और सोनिया गांधी का बेहद करीबी माना जाता है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2018 के बाद जब त्रिशंकु विधानसभा जैसी स्थिति तो कांग्रेस और जेडीएस को करीब लाने में शिवकुमार की बड़ी भूमिका था, क्योंकि तब तक देवेगौड़ा और सिद्धारमैया में ठन चुकी थी। डीके शिवकुमार पर आय से अधिक संपत्ति का मामला भी चल रहा है। हालांकि उन्होंने इसे राजनीतिक साजिश बताया है और इसके खिलाफ अदालती लड़ाई लड़ने की बात कही है।

# महाराष्ट्र के निकाय चुनाव



समयावधि बीतने के बाद और कोर्ट के हस्तक्षेप पर महाराष्ट्र में नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के लिए मतदान प्रारम्भ हुआ लेकिन फर्जी मतदान और हिंसा के आरोपों ने लोकतंत्र पर सवालिया निशान लगाया है। मतदान का पहला चरण 2 दिसम्बर को सम्पन्न हुआ। इसके अलावा 24 स्थानीय निकायों का चुनाव 20 दिसम्बर को होगा। यही कारण है कि बम्बई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग को सभी स्थानीय निकायों की मतगणना 21 दिसम्बर को कराने का निर्देश दिया। पहले यह मतगणना 3 दिसंबर को ही होनी थी। सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महा विकास अघाड़ी के अंदरूनी झगड़े इन चुनावों को निश्चित रूप से प्रभावित करेंगे। स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण का पेंच फंसा हुआ था। गत 26 नवम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त चेतावनी दी थी कि आरक्षण की सीमा पार कर चुकी नगर निकायों के चुनाव को रद्द कर दिया जाएगा। कोर्ट ने 57 निकायों की सूची और प्रत्येक में अ ा ` ब ी स ी आरक्षण का विवरण मांगा था। सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महाविकास अघाड़ी के अंदरूनी झगड़े इन चुनावों को निश्चित रूप से प्रभावित करेंगे।

महाराष्ट्र में 264 नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के लिए 2 दिसंबर को पहले चरण का मतदान संपन्न हो गया। वोटिंग के दौरान फर्जी मतदान एवं हिंसा की खबरें भी सामने आईं। बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने मंगलवार एक आदेश में कहा कि चुनाव आयोग 3 दिसंबर की बजाए 21 दिसंबर को नतीजे घोषित करे। इस फैसले की वजह यह है कि अगर 3 दिसंबर को नतीजे आते, तो 24 स्थानीय निकाय जहां पर वोटिंग 20 को होगी, वहां के मतदाता प्रभावित हो सकते थे। अदालत ने 20 दिसंबर तक 'एग्जिट पोल' पर भी रोक लगा दी।

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अंबरनाथ नगर परिषद के चुनाव आगे बढ़ा दिए गए हैं, लेकिन शहर का राजनीतिक माहौल अचानक गरमा गया है। प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच 30 नवंबर को तीखी झड़प और मारपीट का मामला सामने आया था, जिसके बाद इलाके में तनाव हो गया है। यह घटना रात लगभग 1 बजे की है। पैनल नंबर 4 से शिवसेना के उम्मीदवार निखिल वालकर और उनके सहयोगी यश वालकर कुछ समर्थकों के साथ बीजेपी उम्मीदवार पवन वालकर के चुनाव कार्यालय के सामने पहुंचे। पवन वालकर की ओर से आरोप लगाया गया कि इस दौरान निखिल वालकर ने जानबूझकर पवन वालकर से वाद–विवाद करने की कोशिश की। पवन वालकर ने सवाल उठाया कि चुनाव स्थगित होने के बावजूद इतनी देर रात को प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार के कार्यालय के बाहर पहुंचने का क्या उद्देश्य था। यह विवाद जल्द ही बढ़ गया और पवन वालकर के समर्थकों ने शिवसेना उम्मीदवार के समर्थकों पर मारपीट का गंभीर आरोप लगाया। पवन वालकर के कार्यालय के बाहर हुई इस कथित मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।

पवन वालकर के समर्थकों ने यह भी गंभीर आरोप लगाया है कि क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए अंबरनाथ के बाहर से पेशेवर गुंडों को बुलाया गया था। इस घटना के बाद से ही क्षेत्र का राजनीतिक माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया है। माना जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच अब कानूनी लड़ाई शुरू हो सकती है।स्थानीय निकाय चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के दौरान कई स्थानों से हिंसा की खबरें आईं और कुछ स्थानों पर भाजपा, राकांपा और शिवसेना के समर्थकों के बीच झड़प की घटनाएं हुईं। हिंगोली में नियमों का उल्लंघन करके मतदान केंद्र में प्रवेश करने के आरोप में शिवसेना विधायक संतोष बांगर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

स्थानीय नेताओं ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर मतदाताओं को नकदी बांटने और फर्जी मतदान कराने का आरोप भी लगाया, जिसके बाद झड़पें हुईं। भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा राज्य स्तर पर सहयोगी हैं, लेकिन उनके उम्मीदवार या पैनल कई जगहों पर एक–दूसरे के खिलाफ लड़े और यहां तक कि विपक्षी दलों के साथ गठबंधन भी किया। रायगढ़ जिले के महाड, बीड के गेवराई, जलगांव के मुक्ताई नगर, पुणे के भोर, सतारा के म्हसवद, सांगली के जाट, हिंगोली, बुलढाणा, ठाणे के दहानू और नंदुरबार जिले के शहादा में राजनीतिक कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं। महाड में शिवसेना मंत्री भरत गोगावाले के बेटे विकास गोगावाले के समर्थकों और राकांपा के सुशांत जाबरे के समर्थकों के बीच नवीन नगर इलाके में झड़प हो गई। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में एक व्यक्ति ने बंदूक भी लहराई। वहीं बीड जिले के गेवराई में दो समूहों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद भाजपा नेता के आवास के बाहर शाहू नगर में पथराव हुआ और वाहनों में तोड़फोड़ की गई, जिसके बाद पुलिस को भीड़ को तितर–बितर करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। गेवराई कस्बे में लगभग 50 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। बुलढाणा में पुलिस ने दो फर्जी मतदाताओं को पकड़ा। बुलढाणा में कांग्रेस ने फर्जी मतदान का आरोप लगाया। महाराष्ट्र कांग्रेस ने दावा किया कि बुलढाणा में नगर परिषद चुनाव के लिए मतदान शुरू होने के महज डेढ़ घंटे बाद एक मतदान केंद्र पर दो संदिग्ध फर्जी मतदाता पकड़े गए। विपक्षी दल ने आरोप लगाया कि शिवसेना विधायक संजय गायकवाड बुलढाणा नगर परिषद चुनाव में फर्जी वोट डालने के लिए ग्रामीण इलाकों से लोगों को ल ा रहे थे। हालांकि, अधिकारियों की ओर से इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। निर्वाचन अधिकारियों ने एक वीडियो के बाद जांच शुरू की, जिसमें शिवसेना विध ाायक संतोष बांगर को हिंगोली में एक महिला के वोट डालने के दौरान कथित तौर पर मतदान केंद्र में प्रवेश करते हुए दिखाया गया। वीडियो में विधायक को मतदान केंद्र में प्रवेश करते, बाड़े में झांकते और उससे बात करते हुए देखा गया। सांगली जिले के जाट में भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच बहस हुई।

नंदुरबार जिले में कम से कम चार ईवीएम खराब होने से मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें लग गईं। अमरावती, बदलापुर, नांदेड़, जलगांव, यवतमाल, भोकरदन और अकलुज में भी ईवीएम में खराबी की शिकायतें मिलीं। अधिकारी के मुताबिक, चंद्रपुर जिले के गढ़चंदूर में एक मतदाता ने ईवीएम तोड़ दी। नासिक जिले के येओला में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक कार्यकर्ता को कुछ लोगों ने कथित तौर पर पैसे बांटते हुए पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। जिस प्रकार शिकायतें मिलीं उनसे चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठना स्वाभाविक है। दूसरे चरण में ऐसी शिकायतें नहीं मिलनी चाहिए। **(हिफी)**

# एसआईआर का विरोधः चिन्ता लोकतंत्र की या वोट बैंक की?

ललित गर्ग

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि भारत के अनेक राज्यों में स्थानीय राजनीतिक तंत्र विदेशी घुसपैठियों के लिए न केवल छत्रछाया प्रदान करता रहा है, बल्कि उन्हें वोट–आधारित पहचान और सुविधाओं तक पहुंच भी दिलाता रहा है। इन परिस्थितियों में एसआईआर जैसी प्रक्रिया न केवल उचित है, बल्कि अत्यंत आवश्यक है।

भारत का लोकतंत्र आज जिस निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, वहां उसकी विश्वसनीयता और मजबूती का सवाल पहले से कहीं अधिक गंभीर हो गया है। चुनावों की पारदर्शिता, मतदाता सूची की शुचिता और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से मतदाता पहचान की सत्यता को बनाए रखना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को सुरक्षित रखने का मूल तत्व है। विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर इसी उद्देश्य से प्रारंभ की गई वह अनिवार्य प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची में मौजूद संदिग्ध, दोहरे या अवैध प्रविष्टियों की पहचान और सत्यापन किया जा सके। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस कार्य को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक कदम माना जाना चाहिए, उसे कुछ विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के चश्मे से देख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में जिस प्रकार के उतावले, भावनात्मक और अक्सर तथ्यहीन तर्क प्रस्तुत किए गए, उससे यही प्रतीत होता है कि यह विरोध किसी तर्क या सिद्धांत का नहीं, बल्कि वोट–बैंक की चिंता का परिणाम है। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर बेतूका राष्ट्र–विरोधही अड़ंगा लगाने वालों को आईना ही दिखाया कि बिहार में तो एक भी व्यक्ति यह शिकायत करने नहीं आया कि उसका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि बिहार में एसआईआर के समय कुछ खास लोगों के वोट काटे जाने का आरोप उछालने वाले भी ऐसे कथित पीड़ित लोगों के उदाहरण का साक्ष्य नहीं दे सके थे। हालांकि बिहार में एसआईआर पर विपक्षी दलों को मुंह की खानी पड़ी, लेकिन वे बाज नहीं आ रहे हैं ।

## पूर्णिमा पर ओमघाट में हुई गंगा आरती, किया दीपदान



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गंगा बचाओ सेवा समिति द्वारा पूर्णिमा पर ओमघाट में गंगा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें गंगा घाट की सफाई कर स्वच्छता का संकल्प लिया गया। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल द्वारा आयोजित गंगा आरती में भक्तों ने दीपदान किया।

भाजपा किसान मोर्चा के भिटौरा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि हम सब का दायित्व है मां गंगा को अविरल व निर्मल बनाए रखना और गंगा नदी को गंदा न करें। अंत मे डीपीओ ज्ञान तिवारी ने गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे गंगा भक्तों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर गायत्री परिवार के डॉ आरपी दीक्षित, गिरधारी लाल गुप्ता, जितेंद्र सिंह, लक्ष्मी सिंह, उर्मिला तिवारी, प्रतिभा यादव, पुष्पा गुप्ता, प्रांशु रस्तोगी, विवेक दुबे, अंश तिवारी, माधव दीक्षित, अहम शर्मा, सुमित दीक्षित, शिवम मिश्रा, आर्यन मिश्रा मौजूद रहे।

## आशा इशरतुन को सीएमओ ने किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला क्षयरोग अधिकारी ने बताया कि नगरीय क्षेत्र सैय्यदवाड़ा की आशा इशरतुन को टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत निक्षय पोर्टल पर सर्वाधिक संभावित मरीजों की निक्षय आईडी बनाने के लिये मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव नयन गिरि ने प्रमाण–पत्र व मोमेन्टों देकर सम्मानित किया। सीएमओ ने कहा कि समस्त आशायें ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्क्रीनिंग करके निक्षय पोर्टल पर निक्षय आईडी बनायें। इस अवसर पर अजीत सिंह एसटीएस, जिला लेखाकार प्रशान्त चतुर्वेदी एवं मो० फैज टीबीएचवी उपस्थित रहें।

## संगोलीपुर मडैयन मौरंग खदान के मुख्य मार्ग को किसानों ने किया जाम



न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के संगोलीपुर मडैयन मोरम खदान एक बार फिर विवादों में है। किसानों ने सामूहिक रूप से खदान संचालक के ओवरलोड वाहनों को बैरियर लगाकर रोक दिया। दबंग खदान संचालकों ने फसलों को बर्बाद करके रास्ता बनाया था। खदान संचालक किसानों को फसलों के मुआवजे का आश्वासन दिया था। रास्ता बनने के बाद खदान संचालक मुआवजे के नाम पर दबंगई दिखाने लगे जिससे नाराज किसानों ने रास्ता रोक दिया। टकराव की स्थिति उत्पन्न है, जबकि स्थानीय थाना पुलिस सहित प्रशासन मौन धारण किए हैं।ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी मुआवजे, अनुमति व सूचना के खदान संचालक ने रात के अंधेरे में खेतों से रास्ता तैयार कर दिया और सुबह होते ही भारी वाहन उसी रास्ते से दौड़ने लगे। इससे किसानों की गेहूँ और सरसों की खड़ी फसल बुरी तरह नष्ट हो गई। इस मनमानी से नाराज किसानों ने मोरम खदान के मुख्य रास्ते को रोककर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने खदान संचालक पर दबंगई करने और मुआवजा मांगने पर जान से मारने की धमकी देने तक के आरोप लगा रहे हैं। जिससे क्षेत्र में भारी आक्रोश है। किसानों का आरोप यह भी है कि खदान शुरू होने से लेकर अब तक विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे। शुरुआत से ही खदान संचालन नियमों के विपरीत चल रहा है और स्थानीय प्रशासन शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। ग्रामीणों ने कुछ अधिकारियों पर भी मिलीभगत कर खदान संचालक का संरक्षण करने के गंभीर आरोप लगा रहे हैं। जाम लगने की सूचना पर स्थानीय पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों को शांत कराने का प्रयास किया। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी फसल का उचित मुआवजा नहीं मिलेगा और अवैध रास्ता बंद नहीं किया जाएगा, विरोध जारी रहेगा। वही ग्रामीणों ने मांग किया कि खदान संचालक पर तुरंत कार्रवाई की जाये।

## परीक्षक बनने के लिए करें आनलाइन पंजीयन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केंद्र के प्रधानाचार्य ने बताया कि राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में एनसीवीटी व सप्लीमेन्ट्री परीक्षा 15 से 19 दिसंबर तक होगी। परीक्षा सम्पादित कराने हेतु परीक्षक बनने हेतु बीटेक, बीई, डिप्लोमा या सीटीआई योग्यताधारी वेबसाइट में जाकर अपना पंजीयन कर सहमति पत्र नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आकर जमा कर सकते है। पंजीयन करने के लिये किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस पर संस्थान में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है। परीक्षा इण्डस्ट्री रेबोटिक्स एण्ड डिजिटल मैन्यूफैक्चरिंग टैक्नीशियन, मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल, आर्टिसन यूसिंग एडवांस्ड टूल वेल्डर, वायरमैन, स्विंग टेक्नोलॉजी, ड्रेसमेकिंग, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, मशिनिष्ट, मैकेनिक मोटर, आर०एसी०, कोपा, पेन्टर जनरल, फाउन्ड्रीमैन, स्टेनो हिन्दी, ड्राटमैन सिविल, ड्राटमैन मैकेनिक, इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक, क्न्जूमर इलेक्ट्रानिक्स, टैक्टर मैकेनिक, आई०टी०, आदि प्रस्तावित है।

## खेलकूद प्रतियोगिता में विधायक ने बच्चों को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। धाता ब्लॉक क्षेत्र के निष्पक्षदेव विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गुरसंडी में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं खागा विधायक .ष्णा पासवान ने उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।विधायक ने बच्चों के हौसले और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में छिपी प्रतिभा को सामने लाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार और आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# मांगों को लेकर उचित दर विक्रेताओं ने किया हल्ला बोल

### - कलेक्ट्रेट में डीएम व जिला पूर्ति कार्यालय में सौंपा ज्ञापन
### - प्रदेश उपाध्यक्ष का नहर कालोनी में हुआ स्वागत



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उचित दर विक्रेताओं का खाद्यान्न एवं चीनी लाभांश बढ़ाने व मिनिमम इनकम गारंटी दिए जाने की मांग को लेकर ऑल इण्डियन फेयर प्राइस शाप डीलर एसोसिएशन के बैनर तले उचित दर विक्रेता बड़ी संख्या में नहर कालोनी में एकत्र हुए। जहां से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। इसके बाद जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय पहुंचकर भी ज्ञापन दिया गया।फतेहपुर ऑल इंडियन फेयर प्राइस शाप डीलर एशोसिएशन के जिलाध्यक्ष निर्मोही उमेश त्रिवेदी के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह मौजूद रहे। नहर कॉलोनी परिसर में उनका 51 किलो की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद जुलूस के माध्यम से यह लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी आवाज बुलंद किया और ज्ञापन भी प्रेषित किया। जिसमें उत्तर प्रदेश के उचित दर विक्रेताओं का खाद्यान्न एवं चीनी लाभांश बढ़ाने व मिनिमम इन्कम गारंटी दिए जाने की मांग की गई। कहा कि उत्तर प्रदेश के कोटेदार शासन के मंशानुसार राशन वितरण करते हैं साथ ही कोरोना काल में भी उत्तर प्रदेश के कोटेदारों द्वारा प्रधानमंत्री अन्न योजना व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निशुल्क वितरण किया गया। कोटेदार अपने व अपने परिवार के जीवन की परवाह न करते हुए सरकार के दिशा निर्देशों में ई–पास मशीन से ईमानदारी के साथ वितरण किया जिसकी सराहना पूरे भारत में की गई और उत्तर प्रदेश सरकार को भारत सरकार ने प्रशस्ति पत्र भी दिया। इन लोगों ने मांग किया कि उत्तर प्रदेश के कोटेदारों का लाभांश 90 रुपए प्रति कुंतल ही मिलता है जबकि अन्य प्रदेशों में जैसे हरियाणा में 200 प्रति कुंतल, गोवा में 220 प्रति कुंतल, केरल में 200, दिल्ली में 200, गुजरात में 20000 मिनिमम इनकम गारंटी दिया जा रहा है। इन लोगों ने मांग किया कि अन्य प्रदेशों की भांति लाभांश व मिनिमम इनकम गारंटी उत्तर प्रदेश में भी दिया जाए नहीं तो 28 जनवरी 2026 से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन व विधानसभा घेराव करने के लिए कोटेदार बाध्य होंगे। इस अवसर पर मिथिलेश कुमारी, अमित कुमार, फूलकली, अर्चना, दिलीप सिंह, ज्ञानमती, राजेश कुमार, राजेंद्र सिंह, समर सिंह सहित तमाम कोटेदार मौजूद रहे। जिलाधिकारी कार्यालय के बाद यह लोग जिला पूर्ति कार्यालय पहुंचे और वहां पर इन लोगों ने कहा कि अगर मांगे नहीं मानी जाती तो ई–पास मशीन भी जमा कर ली जाए।

# प्राकृतिक खेती कर स्वास्थ्य में लाया जा सकता परिवर्तन

### - विश्व मृदा दिवस पर किसानों को दी अहम जानकारी



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। .षि भवन में .षि विभाग द्वारा विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों एवं विद्यार्थियों में मृदा स्वास्थ्य, मृदा परीक्षण, उर्वरक प्रबंधन, सत्त .षि तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें डा० प्रेमदान सिंह पाल ने खेत में जीवांस कार्बन की कमी को चिंताजनक बताया। उसके सुधार हेतु प्रा.तिक संसाधन के माध्यम से पोषक तत्व प्रबंधन जैसे कार्बनिक खादें, कम्पोस्ट, कैचुआ खाद व हरी खाद के महत्व को समझाया और खेत से मृदा नमूना लेने की वैज्ञानिक विधि व मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की तकनीकी जानकारी दी गई। केवीके वैज्ञानिक डा० जगदीश किशोर ने मृदा गुणवत्ता एवं सुधार तकनीकों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। जिसमें .षकों को अवगत कराया कि जब तक .षक अपनी प्रवृति के अनुसार प्रा.तिक खेती एवं प्रा.तिक उत्पाद का प्रयोग नहीं करेंगे तो खेत में कार्बन और जीवाष्म की कमी बनी रहेगी। जिला .षि अधिकारी ने .षकों को बताया कि प्रा.तिक खेती के सिद्धांतों के अनुसार खेती करने से खेती के स्वास्थ्य के साथ–साथ मनुष्य के स्वास्थ्य में भी अमूलचूल परिवर्तन लाया जा सकता है। बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबन्धक मनोज कुमार ने किसानों को .षि ऋण एवं बैंकिंग योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में जय माँ सरस्वती ज्ञान मदिर इण्टर कॉलेज राधानगर एवं दूजी देवी मेमोरियल इण्टर कालेज भृगुधाम के छात्र–छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्हें मृदा, .षि विज्ञान एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शामिल किया। उप .षि निदेशक ने किसानों को मृदा परीक्षण कराये जाने पर जोर दिया। समापन पर उप .षि निदेशक ने सभी अतिथियों, .षि वैज्ञानिकों, विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रतिभागी छात्रों तथा किसानों का धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम समापन किया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, जिला .षि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, केवीके के वैज्ञानिक, बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबन्धक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दहेजलोभियों पर पुत्री को गायब करने का मढ़ा आरोप

### - मां ने एसपी को शिकायती पत्र देकर लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम रावतपुर की रहने वाली एक महिला ने दहेजलोभी ससुरालीजनों पर पुत्री को गायब करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह को शिकायती पत्र सौंपा। पीड़ित मां ने पुत्री की तलाष किए जाने के लिए तत्काल ललौली थानाध्यक्ष को आदेशित किए जाने के साथ ही ससुरालीजनों पर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।



एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में रावतपुर गांव निवासी शिवकली पत्नी श्यामलाल ने बताया कि उसने अपनी पुत्री राधिका की शादी पांच जून 2025 को दीपू सिंह पुत्र राजा सिंह निवासी ग्राम बनरसी का पुरवा थाना ललौली के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार करते हुए दो लाख रूपए नगद व मोटरसाइकिल समेत दान–दहेज दिया था। इसके बावजूद पति दीपू सिंह, ससुर राजा सिंह, राजा सिंह की पत्नी, राजा की बहू मैना देवी, जेठ मुकेश व जेठानी के भाई दिलवर सिंह, वीर सिंह पुत्रगण छेद्दू उर्फ अभिमन्यु सिंह निवासीगण कल्लनपुर थाना कोतवाली खागा अतिरिक्त दहेज में दो लाख रूपए की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर पुत्री राधिका को प्रताड़ित करने लगे। चार दिसंबर की सुबह पुत्र सौरभ सिंह के मोबाइल पर पुत्री का मैसेज आया कि बचाओ। मैसेज की जानकारी होने पर वह लोग ससुराल पहुंचे। जहां पुत्री नहीं मिली। ससुरालीजनों से पूछा तो कोई जवाब नहीं दिया। उन्हें आशंका है कि ससुरालीजनों ने पुत्री राधिका को कहीं गायब कर दिया है। ललौली थाने में सूचना दी गई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। मां ने एसपी से गुहार लगाते हुए मांग किया कि पुत्री की तलाश किए जाने के लिए थानाध्यक्ष ललौली को आदेशित किया जाए साथ ही ससुरालीजनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर बहन विनीता देवी, भाई सौरभ, निशा देवी, मिथलेश, आशा, मुरली, सुनीता, महावीर सिंह, संजय सिंह, प्रेमलाल भी मौजूद रहे।

# चोरी की दो घटनाओं का खुलासा, तीन गिरफ्तार

### - चोरी की बकरी व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए घटना में संलिप्त तीन लिया। उनके कब्जे से चोरी की बकरी साइकिल बरामद करते हुए तीनों के कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।



बताते चलें कि हुसैनगंज थाना 29 जुलाई को थाने पर पंजी.त धारा 303(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 बीएनएस चोरी का खुलासा करते पुत्र मो० इस्लाम उर्फ राजू बेहना व पुत्र मो० रज्जाक निवासीगण ग्राम व अबुसाद पुत्र नौशाद निवासी ग्राम वर्तमान पता ग्राम जमरावां थाना बकरी व घटना में प्रयुक्त गिरतार कर लिया। बरामदगी के 327/2025 में धारा 317(2) बीएनएस गिरतार अभियुक्तों को न्यायालय भेज पुलिस टीम में उपनिरीक्षक उग्रेशदत्त

चोरी की दो घटनाओं का अभियुक्तों को गिरतार कर व घटना में प्रयुक्त मोटर खिलाफ सुसंगत धाराओं में

पुलिस ने 03 दिसंबर व मु0अ0सं0 327/2025 200/2025 धारा 303(2) हुए अभियुक्तगण अरमान राजू उर्फ अब्बू सोफियान जमरावां थाना हुसैनगंज गढी थाना जाफरगंज हुसैनगंज को चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ आधार पर मु0अ0सं0 की बढोत्तरी करते हुये दिया। गिरतारी करने वाली त्रिपाठी, उपनिरीक्षक

सत्येन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल वीरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल विवेक कुमार यादव, मनोज सिंह, सुमित यादव शामिल रहे।

# शंकरपुर का बेटा बना फौजी, गांव में जश्न



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहुआ, फतेहपुर। असोथर ब्लाक के शंकरपुर गांव का नाम एक बार फिर रोशन हुआ है। ग्राम प्रधान जियालाल निषाद के बड़े भाई जगतपाल निषाद के बेटे कुलदीप निषाद ने भारतीय सेना में चयन पाकर क्षेत्र का मान बढ़ा दिया। चयन की खबर लगते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने आतिशबाज़ी कर जश्न मनाया और मिठाइयां बांटकर खुशी साझा की।ग्राम प्रधान जियालाल निषाद, करेंहा प्रधान मनोज निषाद, सिधांव प्रधान राजेश कुमार, प्रतिनिधि लालमन कश्यप, नरेंद्र, नितिन, महेंद्र, छक्कू सहित बड़ी संख्या में गांव वालों ने कुलदीप का फूल–मालाओं से शानदार स्वागत किया। ढोल–नगाड़ों की थाप पर युवाओं ने उत्साह जताया, जबकि बुजुर्गों ने उसे आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। कहीं लड्डू बटे, तो कहीं देशभक्ति गीतों पर युवाओं ने झूमकर खुशी मनाई। ग्रामीणों का कहना है कि कुलदीप की सफलता से गांव के युवाओं में फौज में भर्ती होने की नई प्रेरणा मिली है। कुलदीप ने कहा कि वह देश सेवा को सर्वोपरि मानता है और यह उपलब्धि उसके माता–पिता व गांव की दुआओं का नतीजा है। देर शाम तक बधाइयों का सिलसिला गांव में चलता रहा।

## संदिग्ध हालत में विवाहिता ने लगाई फांसी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। धाता थाना क्षेत्र के ग्राम लिहाई में संदिग्ध परिस्थितियों में 28 वर्षीय महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका के मामा ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार लिहाई गांव निवासी योगेश रैदास की पत्नी मधु देवी ने गुरूवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के मामा महेश कुमार ने बताया कि उसकी भांजी को दामाद दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। तीन वर्ष पूर्व मध ु के पिता की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। जिसका क्लेम मिला था। उसने बताया कि पति उस पर दबाव डालता था कि क्लेम की रकम में हिस्सा लेकर आओ। उसने दामाद पर आरोप लगाया कि उसने ही भांजी की हत्या की है। पुलिस ने पति को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

## ट्रक परिचालक को वाहन ने रौंदा, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के उसरैना के समीप एनएच–2 में शुक्रवार की भोर पहर पिछले टायर में फंसी गिट्टी निकाल रहे 18 वर्षीय परिचालक को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने रौंद दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के गनफरी गांव निवासी अजीत का पुत्र हैप्पी ट्रक में परिचालक था। बताते हैं कि भोर पहर मरका से मौरंग लादकर रायबरेली जा रहे थे। तभी उसरैना के समीप टायर में फंसी गिट्टी निकालने के लिए हैप्पी उतरा और गिट्टी निकालने लगा तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

## खड़े ट्रक से टकराया ट्रक, चालक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज के समीप एनएच–2 में शुक्रवार की सुबह हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे 30 वर्षीय चालक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव निवासी रामकिशोर का पुत्र अतुल सुबह लगभग दस बजे इलाहाबाद से कानपुर की ओर ट्रक लेकर जा रहा था। जब वह शहर क्षेत्र के लोधीगंज के समीप पहुंचा तभी हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल चालक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के फर्शी लालपुर गांव निवासी मुखिया का 38 वर्षीय पुत्र प्रमोद शुक्रवार की सुबह बाइक से सामान लेने जा रहा था। जब वह गैस एजेंसी के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही प्राइवेट बस ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार कल्यानपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी बृजलाल का 25 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार बाइक से गुनीर किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह गांव के समीप पहुंचा तभी सड़क पार कर रही बकरी से टकराकर गिरकर घायल हो गया। उधर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर भिटारी गांव निवासी रामगोपाल का 27 वर्षीय पुत्र ध्यानु साइकिल से कस्बा जा रहा था। तभी गांव के समीप सामने से आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में नाली में गिर गया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## आनलाइन उपस्थिति व अतिरिक्तकार्यो पर संघ ने सीएम को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने सचिवों पर बिना संसाधन के लगातार बढ़ाये जा रहे कार्यभार, ऑनलाइन उपस्थिति की अव्यवहारिक प्रणाली और बाहरी विभागों के दबाव के खिलाफ शुक्रवार को मुख्य सचिव को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। संघ ने कहा कि सचिव ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं, मगर उन्हें फील्ड आधारित कार्य प्र.ति के विपरीत कार्यालय–आधारित ऑनलाइन उपस्थिति के लिए बाध्य किया जा रहा है।ज्ञापन में सचिवों से कराए जा रहे 29 से अधिक विभागीय कार्यों, निजी मोबाइल में थर्ड पार्टी ऐप की अनिवार्यता से निजता उल्लंघन के खतरे, संसाधन विहीन लक्ष्य–आधारित कार्य प्रणाली, अवकाश व रात्रिकालीन मीटिंग्स का दबाव, वाहन व मोबाइल भत्ते की कमी, शैक्षिक योग्यता व पदोन्नति विसंगतियों समेत दस प्रमुख बिंदुओं पर तत्काल निर्णय की मांग की गई है। संघ ने स्पष्ट कहा कि एकरूपता और संसाधन उपलब्ध होने तक ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली स्थगित की जाए, अन्यथा सचिव संवर्ग ग्रामीण योजनाओं के क्रियान्वयन व पर्यवेक्षण में प्रभावित होगा। संघ ने शासन से संवाद स्थापित कर तर्कसंगत समाधान की तत्काल मांग की है। जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर, दीप्ति सिंह, हिमांशु कुमार, बलराम शर्मा, आकाश पाल, पवन कुमार, जितेंद्र राजकुमार, सत्येंद्र कुमार, अश्वनी मौर्य उपस्थित रहे।

## अचानक हृदय गति रुकने पर दें सीपीआर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने सीपीआर प्रशिक्षण व रक्तदान जागरूकता अभियान सेंट जेवियर्स हाईस्कूल व राजकीय इंटर कॉलेज में चलाया।

डॉ अनुराग ने बताया कि सीपीआर को कार्डियक पल्मोनरी रिससिटेशन कहा जाता है और जब किसी व्यक्ति की अचानक से हृदय गति रुक जाती है तो हम उसे सीपीआर देकर बचा सकते हैं। एक वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को 30 बार दबाव व दो बार मुंह से सांस देते रहना है। अनवरत जब तक हृदय धड़कना शुरू न कर दे। साथ ही डॉ अनुराग ने बताया कि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को सीपीआर देने में 15 बार दबाना व दो बार मुंह से सांस देना है। इस प्रक्रिया से हम किसी व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। इस अवसर पर सेंट जेवियर्स हाईस्कूल की प्रधानाचार्या प्रियंका गुप्ता, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुनील सिंह, अध्यापक उदित द्विवेदी, राजकुमार निषाद व प्रमुख सहयोगी अंगद सिंह संयोजक योग समिति इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उपस्थित रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )